Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

an>

Title : Need to sanction 'special package' for overall development of Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : महोदय, राजस्थान भारत के सब प्रदेशों से क्षेत्रफल में सबसे बड़ा प्रदेश है। इसका दो तिहाई भाग रेगिस्तान है व 5 जिलों में आदिवासी जनसंख्या बहुतायत में है।

इस प्रदेश में करीब करीब हर साल अकाल पड़ता है। इस प्रदेश को हरा भरा व खुशहाल बनाने के लिए भारत आजाद होते ही राजस्थान नहर (वर्तमान में इंदिरा गांधी नहर) के निर्माण की योजना बनी थी। करीब 50 (पचास) साल से इस परियोजना को धनाभाव व केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण, अभी तक पूर्ण नहीं किया जा सका है। पंजाब व हरियाणा की पानी की मांग बढ़ने से राजस्थान का इस परियोजना के पानी का हिस्सा कभी भी पूरा नहीं मिला है।

इन कारणों से यह प्रमाणित है कि यह एक पिछड़ा प्रदेश है। अतः मेरा निवेदन है कि यदि राजस्थान का पिछड़ापन मिटाना और समृद्ध प्रदेशों के बराबर लाना है तो केन्द्र सरकार, पूर्वोत्तर राज्यों की तरह इसे भी विशो श्रेणी में शुमार कर विशो धनराशि का आबंटन करना परमावश्यक है।

मैं उम्मीद करता हूं कि केन्द्र सरकार मेरे आग्रह पर शीघ्र विशो श्रेणी में राजस्थान को शामिल कर धनराशि का विकास हेतु आबंटन करेगी।